तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, गुरुवार, 14 अगस्त 2025

11 हर भारतीय के दिल की धड़कन है तिरंगा : बड़ौली



12 तीन सदस्यीय रूसी प्रतिनिधि मंडल महिला विवि पहुंचा



# ग्रामीण और शहरी जिलाध्यक्ष दोनों पदों पर भूपेंद्र हुड्डा गुट का कब्जा

## शहरी पूर्व विधायक देवराज दिवान के बेटे कमल दिवान,ग्रामीण पूर्व मंत्री हुकमचंद के पुत्र हैं संजीव दहिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सालों से जिलाध्यक्ष का इंतजार कर रहे कांग्रेसियों का मंगलवार देर रात आखिरकार इंतजार खत्म हो गया। कांग्रेस ने सोनीपत शहर में कमल दिवान को शहरी जिलाध्यक्ष बनाया है, जबकि ग्रामीण में जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी संजीव कुमार दहिया को दी गई है। कमल दिवान हों या फिर संजीव कुमार दहिया दोनों ही भूपेंद्र सिंह हुड्डा के करीबी हैं। कमल दिवान का तो परिवार ही हुड्डा का करीबी रहा। विशेषतौर पर उनके पिता देवराज दिवान सोनीपत विस से दो बार निर्दलीय विधायक बने थे व भूपेंद्र हुड्डा के काफी करीबी रहे हैं। कमल दिवान अपने पिता की ही विरासत को आगे बढ़ाने के लिये राजनीतिक मैदान में उतरे हैं। जिसकी पहली पारी उन्होंने इसी साल हुए मेयर उपचुनाव में कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़कर शुरू की थी। इन उप चुनावों में उन्हें भाजपा के राजीव जैन के सामने हार का सामना करना पड़ा था। इसके बावजूद कमल दिवान लगातार कांग्रेस में सक्रिय बने हुए हैं। कमल दिवान की नियुक्ति से शहर में कांग्रेस की मजबूती तय मानी जा रही है। क्योंकि बेशक से कमल दिवान भूपेंद्र सिंह हुड्डा के करीबी हैं, इसके बावजूद सर्वमान्य हैं। क्योंकि अपने पिता के नक्शेकदम पर चलते हुए कमल दिवान ने खुद को हमेशा गुट से अलग रखा है।



### कमल दिवान का किया स्वागत

बुधवार को कांग्रेस के नवनियुक्त शहरी जिलाध्यक्ष कमल दिवान का शहरवासियों ने स्वागत किया। एटलस रोड पर कमल दिवान के कार्यालय पर कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने उन्हें बधाई दी लोगों ने कहा कि उनके नेतृत्व में कांग्रेस का संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा। कमल दीवान ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी सम्मान के साथ एक बड़ा कर्तव्य भी है, जिसे वह पूरी ईमानदारी और समर्पण से निभाएंगे।

### भजनलाल सरकार में मंत्री थे पिता



संजीव दहिया

संजीव कुमार दहिया कांग्रेस में ज्यादा एक्टिव नहीं रहे। पूर्व मंत्री हुकमचंद के बेटे संजीव कुमार दहिया को ग्रामीण अध्यक्ष बनाया है। संजीव दहिया गांव रतनगढ़ के रहने वाले है व फिलहाल सोनीपत में रह रहे हैं। उनके पिता भजनलाल सरकार में मंत्री रहे हैं। जून माह में कांग्रेस जिला अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर संगठन सृजन अभियान चला था। महाराष्ट्र की सांसद एवं सोनीपत की आब्जर्वर प्रो. वर्षा एकनाथ गायकवाड़ ने जिला प्रभारी पूर्व विधायक संत कुमार के साथ कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से मंथन किया था।

## देर रात रोक दिए गए थे भारी वाहन, दोपहर तक बनी रही जाम की समस्या

# स्वतंत्रता दिवस: दिल्ली में एंट्री बंद, जीटी रोड पर जाम

अस्थायी पार्किंग में ले जाए गए भारी वाहन, हाइवे पर परेशान रहे वाहन चालक, बाद में केजीपी, केएमपी के रास्ते भारी वाहनों को किया गया रवाना, पुलिस ने बड़ी, कुराड़, कुडंली बाइपास और राजीव गांधी एजुकेशन सिटी में बनाई हैं अस्थाई पार्किंग



सोनीपत। जीटी रोड पर मुरथल के पास गोहाना बाइपास पर खड़े किए गए भारी वाहन।



सोनीपत। फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान परेड का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त। फोटो: हरिभूमि।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला पुलिस ने स्वतंत्रता दिवस को लेकर चौकसी बढ़ा दी है। लगातार पुलिस टीमें जांच कर रही हैं, खुफिया विभाग, आईबी भी जांच अभियान चला रहा है। इसी बीच मंगलवार रात को भारी वाहनों की दिल्ली में एंट्री पर रोक लगा दी गई। जिसके चलते बुधवार को सुबह के समय सोनीपत में मुरथल और केएमपी-केजीपी के जीरो प्वाइंट पर भारी जाम लग गया। सुबह के समय हजारों की संख्या में भारी वाहन इन जगहों पर रूके रहे, जिसके कारण जीटी रोड पर जाम की स्थिति बनी रही। हालात काबू में रखने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस ने वाहनों को बड़ी, कुराड़ बाईपास, कुंडली और राजीव गांधी एजुकेशन सिटी में रोककर अस्थाई पार्किंग की व्यवस्था की।

स्वतंत्रता दिवस की रिहर्सल के चलते दिल्ली में मंगलवार रात आठ बजे से भारी वाहनों का प्रवेश रोक दिया गया। ऐसे में वाहनों को गन्नौर, मुरथल व बहालगढ़ से रूट डायवर्ट कर निकाला गया। हालांकि तड़के करीब चार बजे दिल्ली की तरफ जाने वाले दर्जनों ट्रक मुरथल के पास रोक दिए गए। जिससे हाईवे पर जाम की स्थिति बनती चली गई। जिस पर पुलिस फिर हरकत में आई और वाहनों को कुराड़ बाईपास पर ले जाकर खड़ा किया गया। हालांकि इसके बाद कई ट्रक व कंटेनर चालक दिल्ली की तरफ गए तो केजीपी-केएमपी के पास वाहनों की कतार लगने लगी। जिस पर पुलिस ने कई वाहनों को केजीपी-केएमपी के रास्ते रवाना किया गया।

### चरणबद्ध कर रहे डायवर्ट

स्वतंत्रता दिवस पर सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। भारी वाहनों को चरणबद्ध तरीके से रूट डायवर्ट किया जा रहा है और अस्थाई पार्किंग स्थलों पर सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। कोशिश है कि आम लोगों को न्यूनतम असुविधा हो।

*-रविंद्र सिंह, पुलिस प्रवक्ता सोनीपत*

### मुरथल में लगा भारी जाम

बुधवार सुबह से लेकर दोपहर तक मुरथल क्षेत्र में जाम की बड़ी समस्या बनी रही। भारी वाहनों की दिल्ली में एंट्री से रोकने के लिये बेरिकेटिंग की गई थी, जिसके कारण दोपहर तक जीटी रोड पर जाम की समस्या बनी रही। चालकों बताया कि वह पंजाब से माल लेकर आए हैं। उन्हें मुरथल तक नहीं रोका गया। अचानक रोके जाने से वाहनों की कतार लग गई। जिससे हालात ज्यादा खराब हुए। इस दिशा में ठोस पहल होनी चाहिए।

### फुल ड्रेस रिहर्सल : डीसी ने पुलिस लाइन में फहराया तिरंगा

जिला स्तरीय स्वतंत्रा दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल में उपायुक्त सुशील सारवान ने पुलिस लाइन में बतौर मुख्यातिथि तिरंगा फहराया। इससे पहले उपायुक्त ने शहीदी स्मारक पर पहुंचकर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रीय ध्वज फहराने के उपरांत उपायुक्त सुशील सारवान ने परेड का निरीक्षण किया, जिसके पश्चात परेड कमांडर एसीपी राजदीप के नेतृत्व में पुलिस के महिला-पुरुष तथा होमगार्ड के जवानों ने विद्यार्थियों के साथ मार्च पास्ट किया। परेड के उपरांत पीटी-शो का बेहतरीन प्रदर्शन किया गया, जिसमें विभिन्न स्कूलों के सैंकड़ों छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इसके पश्चात देशभक्ति के संदेश के साथ सांस्कृतिक समृद्घि लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनोहारी प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर डीसीपी प्रबीना पी, एसडीएम सुभाष चंद्र, नगराधीश डॉ० अनमोल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा शिक्षकगण मौजूद रहे।

### कच्चे माल का नुकसान

दिल्ली पुलिस के निर्देशों से भारी वाहनों का प्रवेश बंद किया गया था। सभी वाहन वैकल्पिक मार्गों से निकाले जा रहे हैं। जिससे कच्चा माल लेकर आए कई ट्रक चालक परेशान दिखे। ट्रक चालकों ने बताया कि हम रात से यहां खड़े हैं। कच्चा माल समय पर न पहुंचा तो खराब होने से बड़ा नुकसान होगा। सुरक्षा जरूरी है, लेकिन ऐसी स्थिति में पहले से बेहतर प्रबंध होने चाहिए ताकि लंबे समय तक इंतजार न करना पड़े। जिन भारी वाहनों में दूध व ब्रेड लेकर जाए जा रहे हैं, ज्यादा देर तक रोकने पर नुकसान होगा।

## औद्योगिक क्षेत्र में तेज रफ्तार कैंटर की चपेट में आने से श्रमिक की मौत

**सोनीपत**। राई थाना क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र में तेज रफ्तार कैंटर ने श्रमिक को चपेट में ले लिया। हादसे में श्रमिक की मौके पर ही मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में अस्पताल में भिजवाया तथा परिजनों को सूचना दी। आगामी कार्रवाई परिजनों के बाद की जाएगी। जानकारी के अनुसार राई औद्योगिक क्षेत्र में स्थित कंपनी में कार्य करने वाले रूपलाल (27) निवासी बिहार को कैंटर ने चपेट में ले लिया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जांच अधिकारी नरेश ने बताया कि मृतक के परिजनों को इस संबंध में सूचना दे दी है। बुधवार देर शाम तक मृतक के परिजन नहीं पहुंचे। जिसके चलते पोस्टमार्टम नहीं हो सका। बृहस्पतिवार को परिजनों के पहुंचने की उम्मीद है। उनके बयान दर्ज करने के बाद आगामी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## अलग-अलग स्थानों से नशीली दवाइयों सहित 3 आरोपित काबू

**सोनीपत**। क्राइम यूनिट कुंडली पुलिस ने प्रतिबंधित नशीली दवाइयों की तस्करी करने की वारदात में शामिल तीन आरोपितो को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित देवेंद्र निवासी दिचाऊ हाल में सुपरमैक्स सोसायटी राठधाना, अंश उर्फ हन्नी निवासी गोहाना, सौरभ निवासी सुभाष नगर का है। पुलिस ने आरोपितो को अदालत से दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया। एसआई मनोज कुमार की टीम ने फिम्स अस्पताल के सामने नशीला पदार्थ तस्करी करने के आरोपित को गुप्त सूचना के आधार पर काबू किया। उसके पास से 97 शीशी जिनका वजन दस किलो 642 ग्राम मिला। वहीं दूसरी 20 शीशियों का वजन दो किलो मिला। आरोपित के खिलाफ सेक्टर-27 शहर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया।

**खबर संक्षेप**

### अवैध हथियार के साथ आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत**। क्राइम यूनिट वेस्ट की पुलिस ने अवैध हथियार सहित आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अजय उर्फ नीटू निवासी राठधाना सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

सहायक उप निरीक्षक परवेश की टीम गश्त के दौरान नरेला रोड़ पर मौजूद थी। राठधाना के पास संदिग्ध युवक की सूचना मिली। टीम ने रेड कर संदिग्ध को काबू कर लिया। उसके पास तलाशी के दौरान एक देशी पिस्तौल व जिंदा रौंद बरामद हुआ। उसके खिलाफ सेक्टर-27 शहर थाने में केस दर्ज कर उसे आरोपित को अदालत में पेश किया।

## निगम का बकाया गृहकर वसूली का अभियान तेज, दुकान सील

- निगम की कार्रवाई से डिफाल्टरों में हड़कंप, मौके पर सौंपे चेक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नगर निगम ने गृहकर बकाया वसूली के अभियान को तेज करते हुए लगातार दूसरे दिन बुधवार को भी डिफाल्टर प्रॉपर्टी मालिकों पर सख्त कार्रवाई की। निगम की विशेष टीम ने विभिन्न क्षेत्रों में छापेमारी कर बकाया वसूली के साथ सीलिंग कार्रवाई भी की। जिससे बकायेदारों में हड़कंप मच गया। अभियान में सबसे पहले निगम टीम मोहन नगर पहुंची, जहां एक दुकान पर 6.41 लाख का गृहकर बकाया था। लंबे समय से भुगतान न करने पर दुकान को सील कर दिया गया। अधिकारियों ने साफ चेतावनी दी कि यदि सील तोड़ने की कोशिश की गई तो संबंधित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। मुरथल जीटी रोड स्थित एक बैंक्वेट हॉल पर 40 लाख रुपये का गृहकर बकाया पाया गया। बैंक्वेट हॉल मालिक निगम कार्यालय पहुंचे व 20 लाख का चेक जमा कराते हुए बकाया की पुनर्गणना कराने की मांग करते हुए शेष राशि चुकाने का आश्वासन दिया। पुराने औद्योगिक क्षेत्र में एक सैनेटरी स्टोर पर 2 लाख का गृहकर बकाया था। दुकानदार ने मौके पर एक लाख का चेक सौंपा। ककरोई रोड के रॉयल बैंक्वेट हॉल पर 1.11 लाख का बकाया था। मालिक ने एक लाख का भुगतान मौके पर किया। अधिकारी ने बताया कि यह अभियान जारी रहेगा।

## फंदे से लटका मिला ट्रांसपोर्टर का शव

**सोनीपत**। शहर थाना के सेक्टर-23 में संदिग्ध हालत में ट्रांसपोर्टर का शव फंदे से लटकता मिला। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। सेक्टर-23 निवासी तनिश ने बताया कि उसका पिता (49) ट्रांसपोर्टर का काम करता था। काफी दिनों से मानसिक परेशान चल रहा था। वह मकान के ऊपर वाले कमरे में रहता था। देर रात को वह जिम से घर पहुंचा तो ऊपर उनका शव फंदे से लटका मिला। सूचना के बाद एफएसएल की टीम को बुलाया गया। टीम ने जरूरी नमूने एकत्रित किए। आईओ सुरेंद्र ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। परिजनो के बताए अनुसार काम मंदा होने के चलते मानसिक परेशान चल रहा था।






## 59 के चालान, 9 गाड़ियां जब्त

- शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ पुलिस ने चलाया अभियान

**सोनीपत**। सड़क हादसों पर अंकुश लगाने और यातायात नियमों के पालन को लेकर सोनीपत पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। यह विशेष अभियान मंगलवार रात को पुलिस उपायुक्त यातायात नरेंद्र कादयान के निर्देशन में चलाया गया।

अभियान शाम 7 बजे से रात 11 बजे तक जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में एक साथ संचालित हुआ। पुलिस की अलग-अलग टीमों ने नाका लगाकर वाहनों की चेकिंग की। इस दौरान शराब के नशे में वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ 59 चालान जारी किए गए, जबकि 9 गाड़ियों को जब्त (इंपाउंड) किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य सड़क हादसों को रोकना और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। नशे में वाहन चलाना न केवल चालक के जीवन को खतरे में डालता है, बल्कि सड़क पर चल रहे अन्य लोगों के लिए भी गंभीर खतरा बन जाता है। सोनीपत पुलिस ने अपील की है कि वे शराब पीकर वाहन न चलाएं, यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित यात्रा को प्राथमिकता दें। पुलिस ने चेतावनी दी है कि भविष्य में भी ऐसे विशेष अभियान जारी रहेंगे और नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।





डॉक्टर्स सजेशन
डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियान, एसीआर

## बढ़ती उम्र में जब हो अपच की समस्या



**मेरी उम्र 62 वर्ष है। मुझे खाना ठीक से नहीं पचता। साथ ही कभी कब्ज, तो कभी लूज मोशन की समस्या होती रहती है। मेरे पेट की समस्या का स्थाई उपचार बताने का कष्ट करें।**

**-रामदेव, बहादुरगढ़**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपकी पाचन क्रिया प्रभावित हो गई है। बढ़ती उम्र में कई लोगों को यह समस्या आती है। इसके लिए आपको खान-पान में खास ध्यान देना पड़ेगा। खाने में सलाद और दही जरूर शामिल करें, कोशिश करें कि अधिक तेल वाला खाना बिल्कुल ना खाएं। शाम को हल्का खाना खाएं और सोने से तीन-चार घंटे पहले खाना खा लें। इस तरह बदलाव करने से राहत मिल सकती है।

**मेरी उम्र 27 वर्ष है। मेरे चेहरे पर झाइयां हैं। कई प्रोडक्ट्स यूज करने के बाद भी कोई फायदा नहीं हुआ। इन झाइयों को कैसे ठीक किया जाए? कृपया इसका समाधान बताएं।**

**-पंकज, रायपुर**

जैसा आप बता रहे हैं कि आपने झाइयों के लिए बहुत सारे प्रोडक्ट्स यूज किए। आपने यह नहीं बताया कि यह प्रोडक्ट आपने अपनी मर्जी से इस्तेमाल किए या डॉक्टर की सलाह से? क्योंकि त्वचा में कोई भी क्रीम या लोशन बगैर डॉक्टर के सलाह के नहीं इस्तेमाल करना चाहिए। बेहतर होगा कि आप एक बार त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लें, वही इसका ट्रीटमेंट बताएंगे, फिलहाल आप पानी का सेवन खूब करें।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। बारिश के मौसम में कुछ भी ठंडा खाने पर मुझे छींकें आने लगती हैं। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों होता है और यह कैसे ठीक होगा?**

**-साकेत, बिलासपुर**

इस मौसम में गर्मी के मुकाबले तापमान में बदलाव आता है। कुछ लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है, जिसकी वजह से ठंडा या गरम खाने से तुरंत प्रभाव पड़ता है और उसके इफेक्ट सामने आते हैं। इसलिए कोशिश करें कि आप फ्रिज में रखी या ठंडी चीज ना खाएं। साथ ही रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए विटामिन सी वाले फल खाएं।

**मेरी उम्र 46 वर्ष है। मेरे तलवों में कभी-कभी सुई की चुभन जैसा तेज दर्द होता है। ऐसा क्यों होता है, यह किसी गंभीर बीमारी के लक्षण तो नहीं?**

**-दुर्गेश, भोपाल**

बगैर जांच किए आपकी समस्या के बारे में कुछ भी कहना ठीक नहीं होगा। बेहतर होगा कि एक बार आप न्यूरोलॉजिस्ट से संपर्क कर लें। क्योंकि कई बार मसल्स या न्यूरो से संबंधित समस्या भी हो जाती है। इसलिए लापरवाही न करें और डॉक्टर से संपर्क कर लें तो हर शंका का समाधान हो जाएगा।

**मेरी उम्र 53 वर्ष है। बरसात के मौसम में भीगने पर मेरे पैर की अंगुलियों के बीच फफोले पड़ जाते हैं। कृपया बताएं कि इस समस्या से कैसे निजात पाया जाए?**

**-देवेंद्र, रायगढ़**

आप बारिश के पानी से बचें क्योंकि सड़क में भरे पानी में कई बार नाली का पानी मिल जाता है, जो संक्रमण का कारण बनता है। इसलिए आप बारिश में सड़कों पर पानी में न जाएं। अगर जाना जरूरी भी हो तो पैरों में नारियल का तेल लगाकर ही जाएं, वापस आने पर गर्म पानी से पैरों को धोएं और ठीक से सुखा लें और फिर से नारियल तेल लगा लें। इस तरह राहत मिल सकती है। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

---

योगोपचार
दिव्यज्योति 'नंदन'

अगर आप भी इन दिनों यानी मानसून के दौरान डलनेस फील करते हैं तो परेशान ना हों। अपनी नियमित दिनचर्या में कुछ योगासनों को शामिल कर लें। इनके अभ्यास से आपका मूड हैप्पी रहेगा और आप एनर्जेटिक भी फील करेंगे। योगासन किस तरह से मूड को करता है बूस्ट, बता रहे हैं डिटेल में।

## बारिश के मौसम में करें ये योगासन मूड रहेगा हैप्पी-एनर्जेटिक

बारिश के दिनों में जब मन आलस से भरा या बुझा सा रहता है, तो उस दौरान योग, नेचुरल मूड बूस्टर की भूमिका निभाता है। इसके पीछे गहरे वैज्ञानिक कारण जिम्मेदार होते हैं। दरअसल, बारिश के दिनों में कई बार वातावरण, मन-मिजाज पर भारी पड़ता है। लगातार बादलों का घिरा रहना, सूरज की गैरमौजूदगी, घर से बाहर निकलने में असुविधा और थकी हुई दिनचर्या, लोगों को मानसून ब्लूज या टेंपरेरी डिप्रेशन के घेरे में पहुंचा देता है। ऐसी स्थितियों में कुछ योगासन, बेहद असरकारी मूड बूस्टर का रोल निभा सकते हैं, जो ना केवल शरीर को सक्रिय रखते हैं बल्कि मन को भी स्फूर्तिदायक बनाते हैं। क्योंकि योगासन, ना केवल शरीर को स्ट्रेच करते हैं बल्कि दिमाग को भी रिफ्रेश करते हैं। ये हमारे शरीर के जरूरी हार्मोनों को सक्रिय करते हैं और इस तरह बारिश के मौसम में मूड को बढ़िया रखते हैं।

### रिलीज होते हैं सेरोटोनिन-एंडोर्फिन

सेरोटोनिन और एंडोर्फिन हार्मोस, फील गुड हार्मोन कहलाते हैं और कई ऐसे योगासन हैं, जिनके करने से ये हार्मोन तेजी से रिलीज होते हैं। जैसे, धुंधले-धुंधले बारिश के दिनों में सूर्य नमस्कार करने से शरीर को गर्मी मिलती है और थकावट दूर भागती है। इसे करने से फील गुड हार्मोन पैदा होते हैं, जो हमारे मूड को खुशनुमा बनाते हैं। व्रजासन भी मानसून के दिनों के सुस्ती भगाने का महत्वपूर्ण योगासन है। इसके अलावा अन्य जो आसन बारिश के दिनों में फील गुड हार्मोन का स्राव बढ़ाकर हमारे मन-मस्तिष्क को सक्रिय और ऊर्जावान बनाते हैं, उनमें हैं- बालासन यानी चाइल्ड पोज और शवासन। बालासन करने से मन शांत और प्रसन्न होता है। इसी तरह शवासन भी बहुत फायदेमंद योगासन होता है, क्योंकि यह थकावट और चिड़चिड़ेपन दोनों में लाभकारी होता है। थकावट और चिड़चिड़ापन बारिश के दिनों में अकसर ही हमें अपनी गिरफ्त में ले लेता है। ऐसे में इन दिनों अगर नियमित रूप से ये आसन किए जाएं तो हमारे शरीर से कोर्टिसोल नामक हार्मोन का स्तर घटता है। कोर्टिसोल, तनाव पैदा करने वाला हार्मोन है, जो उन लोगों में बहुत कम रिलीज होता है, जो बारिश के दिनों में नियमित रूप से सक्रिय रहते हैं और जो सक्रिय नहीं रहते, उन्हें ये दिन बेहद थकान और तनाव से भरे लगते हैं। कोर्टिसोल कम बनने से शरीर को ऊर्जा मिलती है और तनाव से मुक्ति मिलती है। गौरतलब है कि कोर्टिसोल हार्मोन हमारी अनिद्रा, बेचैनी और डिप्रेशन के लिए भी जिम्मेदार होता है। जब कोर्टिसोल बनता ही नहीं तो या बहुत मामूली बनता है, तो हमें बारिश के दिनों में योग करने से विशेषकर बालासन और शवासन से तनाव से मुक्ति मिलती है।

### योग इसलिए जरूरी है

वास्तव में योग कोई दवा या लत नहीं है, यह बिना किसी साइड इफेक्ट के एक ऐसा अभ्यास होता है, जो हमारे शरीर को वही फायदे देता है, जो कई जड़ी-बूटियों और दवाओं से मिलता है। इसलिए बारिश के दिनों में बाकी किसी मौसम के मुकाबले कहीं ज्यादा योगासन करने की जरूरत होती है। इसके लिए, घर पर मैट बिछाकर या खुले कमरे में चादर बिछाकर आराम से आधे से एक घंटे तक योगासन करना चाहिए। ऐसा करने से शरीर का बाहरी आवरण तो स्वस्थ और सुंदर बनता ही है, मन का भीतरी आवरण यानी मानसिक भावनाएं भी ऊर्जा से लबरेज हो जाती हैं, क्योंकि इन दिनों सूरज कम दिखता है, जिससे हमारे शरीर को जरूरी विटामिन डी और हैप्पी हार्मोन जैसे सेरोटोनिन मिलने कम हो जाते हैं। ऐसे में पूरा शरीर डल, थका-थका सा महसूस करता है। लेकिन योग इन्हीं दिनों अपने नियमित अभ्यास के कारण आपको न केवल थकान और डलनेस से बचाता है बल्कि इसी के कारण बारिश के इन दिनों आप अस्वस्थ होने और कई तरह के संक्रमण से भी बचे रहते हैं।











### इसलिए कहते हैं मूड बूस्टर

योग को नेचुरल मूड बूस्टर इसलिए माना जाता है क्योंकि इसकी कुछ विशेष क्रियाएं शरीर के हार्मोनल बदलाव में बड़ी भूमिका निभाती हैं। इससे मन शांत, स्फूर्तिवान तथा मूड ऊर्जावान बनता है। बारिश के दिनों में योग करने से शरीर से एंडोर्फिन और सेरोटोनिन का जो स्राव होता है, ये दोनो वही हार्मोन हैं, जो हमारे दोस्तों के साथ खिलखिलाकर हंसने से पैदा होते हैं या फिर व्यायाम करने से पैदा होते हैं। इन दिनों नियमित तौर पर योगासन करने से हम अपनी सांसों पर नियंत्रण कर सकते हैं। विशेषकर अनुलोम-विलोम, भ्रामरी और उज्जाई तकनीकों से मस्तिष्क को ताजगी और शांति मिलती है। वास्तव में इनको करने से हमारे भीतर आवश्यकता के अनुसार भरपूर मात्रा में प्राणवायु यानी ऑक्सीजन का प्रवाह होता है। इससे हमारे सभी तंत्र सक्रियता से अपना कार्य करते हैं और हम भीतर से खुद को ऊर्जावान महसूस करते हैं।

### ऊब और अकेलापन भी करता है दूर

बारिश के दिनों में ऊब और अकेलापन भी एक बड़ी समस्या होती है। घर से जाकर मनोरंजन करने या मूड बदलने की हिम्मत नहीं होती और घर में पड़े-पड़े डिप्रेशन की गिरफ्त में हम आ सकते हैं। ऐसे में बारिश के दिनों में घर से बाहर निकलें, प्रकृति के बीच विचरण करें और योग करें तो इस तरह के सारे अकेलेपन के भाव दूर हो जाते हैं।

### ये आसन हैं अधिक कारगर

वैसे तो योगासन का लाभ सभी मौसमों में हमारे शरीर और मन को मिलता है। लेकिन खासकर जिन आसनों को मानसून में करने से फायदा होता है, उनमें शामिल हैं-सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, बालासन। सूर्य नमस्कार करने से शरीर का रक्त संचार बेहतर होता है और पूरे शरीर में ऊर्जा का प्रवाह महसूस होता है। बालासन करने से मन को शांति मिलती है, जो कई रसायनिक प्रक्रियाओं के साथ मन को स्फूर्तिदायक चेतना प्रदान करता है। सेतुबंध आसन, अनुलोम-विलोम, व्रजासन तथा भ्रामरी प्राणायाम बारिश के दिनों में मन की सुस्ती और थकान को दूर करके दिल-दिमाग को ऊर्जा से लबरेज करते हैं। इस बात का ध्यान रखें कि कोई भी योगासन करने से पहले उसे अच्छी तरह योग्य प्रशिक्षक से जरूर सीख लें। *

### इन बातों का ध्यान रखें

**बारिश के** दिनों में योगासन करने से मूड बूस्ट होता है, लेकिन भूल करके भी इन दिनों नमी वाले फर्श पर योगासन नहीं करें। जिम में पहने जाने वाले टाइट-फिटेड ड्रेस पहन कर भी कभी योगासन नहीं करें। हल्के, कॉटन ड्रेस पहनकर ही योगासन करें। भोजन के कम से कम ढाई से तीन घंटे बाद ही मानसून के दिनों में आसन करें वर्ना पाचन की समस्या हो सकती है। इन दिनों अपने योगासनों में ध्यान को भी जरूर शामिल कर लें। इससे मन को ऊर्जा और शांति मिलती है।

---

हर्बल जोन / रेखा देशराज

## फंगल इंफेक्शन-एलर्जी से बचाए एलोवेरा



बारिश के मौसम में एलोवेरा हमें फंगल इंफेक्शन और एलर्जी से बचाने के लिए एक इफेक्टिव नेचुरल प्लांट है। यह न केवल शरीर के बाहरी संक्रमण से हमें बचाता है बल्कि हमें भीतरी तौर पर भी मजबूती देता है। बारिश के दिनों में एलोवेरा के इस्तेमाल से हमारा पाचन दुरुस्त रहता है। रोग प्रतिरोधक क्षमता हममें बरकरार रहती है। त्वचा विभिन्न तरह के मौसमी संक्रमण से बची रहती है और बाल जो इन दिनों बारिश के पानी आदि से खराब हो जाते हैं, उससे भी एलोवेरा हमारा बचाव करता है। इसका कारण यह है कि एलोवेरा में प्राकृतिक एंटी फंगल, एंटी बैक्टीरियल और एंटी इंफ्लेमेट्री गुण पाए जाते हैं।

**फंगल संक्रमण से बचावः** चूंकि बारिश के दिनों में वातावरण में नमी बहुत अधिक होती है, जो फंगल यानी फफूंदी के पनपने के लिए सबसे आदर्श स्थिति होती है। इस मौसम में शरीर के पसीने वाले हिस्सों जैसे पैर, बगल, गर्दन, पीठ पर फंगल इंफेक्शन का खतरा रहता है। इस संक्रमण से खुजली होती है, जलन महसूस होती है, लाल चकत्ते पड़ जाते हैं या बदूबदार दाने निकल आते हैं।

**एलर्जी से बचावः** मानसून के दिनों में कई लोगों को त्वचा की एलर्जी बहुत परेशान करती है। जैसे पसीने से रैशेज, गंदे पानी से खुजली, मच्छरों के काटने से सूजन आदि का होना। ऐसे में एलोवेरा त्वचा की सभी समस्याओं से राहत दिलाता है। एलोवेरा जैल का इस्तेमाल करने से त्वचा में आई सूजन भी समाप्त हो जाती है। दरअसल, एलोवेरा में ग्लूकोमैनन और जिबरेलिन जैसे तत्व मौजूद होते हैं, जो त्वचा में किसी भी तरह से आई सूजन को कम करते हैं। इसके साथ ही एलोवेरा त्वचा को नमी देता है, जिससे इसकी ड्राइनेस और जलन खत्म होती है। इसका एंटी ऑक्सीडेंट गुण बारिश के दिनों में त्वचा को होने वाली विभिन्न नुकसानों की भरपाई करता है।

**बरतें सावधानीः** एलोवेरा के इस्तेमाल के पहले यह सुनिश्चित कर लें कि आप जिस एलोवेरा जैल का इस्तेमाल कर रहे हैं, वह सौ प्रतिशत शुद्ध है, इसमें किसी तरह की कोई सुगंध या रसायन की मिलावट न की गई हो। गर्भवती महिलाओं को विशेष तौर पर इसके इस्तेमाल से सावधान रहना चाहिए और सेवन करने के पहले डॉक्टर की सलाह ले लेना चाहिए। *

---

हेल्थ सजेशन
डॉ. माजिद अलीम

आज के दौर में अच्छी और पूरी नींद कम ही लोगों को आती है। कुछ लोग नींद के बाद भी थकावट महसूस करते हैं तो कुछ अनिद्रा से बेचैन रहते हैं। ऐसे में यहां दी जा रही सलाहें आपके लिए यूजफुल हो सकती हैं।

## क्या आपको भी नींद के बाद महसूस होती है थकावट





हममें से अधिकतर लोगों की पूरे सप्ताह काम में व्यस्तता के चलते नींद पूरी नहीं हो पाती है। यही वजह है कि हमें इंतजार होता है वीकेंड का, जब हम अपनी नींद पूरी करें। कई बार तो अपनी नींद पूरी करने के चक्कर में लोग शनिवार को दिन का बड़ा हिस्सा सोने में ही गुजार देते हैं। नतीजा होता है ओवर स्लीपिंग के कारण सप्ताह के और दिनों के मुकाबले ज्यादा थकान महसूस होना। अगर आपके साथ भी ऐसा होता है तो आपको अपनी नींद के पैटर्न में बदलाव करने की जरूरत है। क्योंकि हमारे देश में नींद न आने और कम सोने, ज्यादा सोने यानी नींद से जुड़ी आम समस्याएं लोगों में देखने को मिलती हैं। ऐसे में जरूरत से ज्यादा सोना, कैसे हार्मफुल हो सकता है, आइए जानें।

**ओवर स्लीपिंग के नुकसानः** हमारे लिए प्रतिदिन कम से कम 7 से 8 घंटे की नींद लेना आवश्यक होता है। यदि हम 7 से 8 घंटे की तय सीमा से ज्यादा सोते हैं तो यह हमारे स्वास्थ्य के लिए सही नहीं होता। ज्यादा सोने से हमारे शरीर के अंगों और कोशिकाओं में डेली रूटीन का जो चक्र निर्मित होता है, उसमें गड़बड़ी आ जाती है। इस पैटर्न से पूरे सप्ताह तो हम कम नींद लेते हैं और वीकेंड पर जब ज्यादा सोते हैं तो हममें पाचन संबंधी और हृदय संबंधी विकार पैदा हो सकते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का तो यहां तक मानना है कि जरूरत से ज्यादा सोने से हमें कम सोने की तुलना में ज्यादा थकान महसूस होती है, जिसके कारण चिड़चिड़ापन और काम में ध्यान न लगना जैसी समस्याएं पैदा हो जाती हैं। कुछ लोग वीकेंड पर बिस्तर पर ही ज्यादातर समय इसलिए रहते हैं कि उन्हें लगता है कि पूरे सप्ताह की थकान मिटाने के लिए नींद से बेहतर और कोई विकल्प नहीं है। लेकिन इस तरह जरूरत से ज्यादा सोने के कारण हमें ज्यादा आलसपन आता है, पढ़ने-लिखने और दूसरे बौद्धिक कार्य करने वालों के लिए तो यह और भी नुकसानदेय होता है, क्योंकि इससे उनकी प्रोडक्टिविटी पर बुरा असर पड़ता है।

**डिसाइड हो स्लीप शेड्यूलः** नींद का भी एक निश्चित शेड्यूल होना चाहिए। जो लोग अपने नींद के सही पैटर्न पर ध्यान नहीं देते, उनको स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। पूरे सप्ताह कम नींद लेना और सप्ताहांत पर ज्यादा सोना, उनके मेटाबॉलिक और कार्डियोवेस्कुलर सिस्टम में गड़बड़ी पैदा कर सकता है।

**ऐसे लें सही नींदः** अगर आप सप्ताह के पांच दिन 7 से 8 घंटे की पूरी नींद लेते हैं तो सप्ताहांत पर ज्यादा सोने की जरूरत नहीं होती। घर का माहौल शांतिपूर्ण बनाकर रखें, सोने का एक समय निर्धारित करें और प्रतिदिन उस निर्धारित समय पर बिस्तर पर आकर लेट जाएं और सोने का प्रयास करें।

**कैफीन से परहेज रखेंः** खाना खाने के बाद, खासतौर से रात का डिनर लेने के बाद चाय और कॉफी पीने से परहेज करें। क्योंकि इनसे भी नींद नहीं आती और नींद न आने से अगले दिन का पूरा रूटीन गड़बड़ा जाता है।

**हल्का भोजन करेंः** रात के समय ज्यादा गरिष्ठ भोजन करने की बजाय हल्का-फुल्का भोजन करें और रात को आठ बजे से पहले ही अपना भोजन करें ताकि भोजन सही प्रकार से पच सके।

**नियमित व्यायाम करेंः** अपनी व्यस्त दिनचर्या में समय निकालकर नियमित योगाभ्यास, मेडिटेशन, वर्कआउट या कोई स्पोर्ट्स की गतिविधि करें ताकि थकान से अच्छी नींद आए।

**फोन और लैपटॉप को रखें दूरः** रात को सोने से पहले अपने सारे ऑफिस के काम निपटाकर सोएं ताकि बेडरूम में लैपटॉप ले जाने की जरूरत न पड़े। सोने के समय खास तौर पर मोबाइल फोन से दूरी बनाकर रखें। मोबाइल स्क्रॉलिंग के दौरान घंटों गुजर जाते हैं और अगर एक बार नींद आने पर हम न सोएं तो फिर देर रात तक नींद नहीं आती। *

---

डाइट सजेशन
संध्या सिंह

रेनी सीजन में सुबह-शाम के नाश्ते में यंगस्टर्स का मन कुछ चटपटा खाने का करता है। लेकिन हेल्थ का ध्यान रखते हुए आपको ऐसे ऑप्शंस चुनने चाहिए, जो टेस्टी होने के साथ हेल्दी भी हों।

## इस सीजन में यंगस्टर्स के लिए हेल्दी ब्रेकफास्ट के ऑप्शंस



बारिश के मौसम में युवा अकसर तली-भुनी चीजों की ओर आकर्षित होते हैं जैसे पकौड़े, समोसे, फ्राइड राइस, नूडल्स आदि। लेकिन अगर इस मौसम में वे सुबह और शाम के नाश्तों के लिए हेल्दी विकल्प चुनें, तो इसमें उन्हें बढ़िया स्वाद तो मिलेगा ही, उनकी सेहत भी सुरक्षित रहेगी।

**ओट्स चीलाः** ओट्स चीला सुबह के समय का पसंदीदा स्मार्ट ब्रेकफास्ट हो सकता है। क्योंकि ओट्स में फाइबर ज्यादा होता है, इसलिए यह बच्चों को सुबह पढ़ाई करने या आपको दफ्तर में फ्रेश और एनर्जी से भरपूर भी रखेगा। इसे बनाना भी बहुत आसान है। ओट्स को पीसकर उसमें दही, कटी हुई सब्जियां जैसे गाजर, शिमला मिर्च, प्याज आदि मिला लें। स्वाद के अनुसार हरी मिर्च और मसाले भी डालकर चीले बनाएं और चाय या कॉफी के साथ गर्मा-गर्म ले सकते हैं।

**स्प्राउट भेलः** ये प्रोटीन, फाइबर और मिनरल्स से भरपूर और फायदेमंद नाश्ता है। यह इस मायने में स्मार्ट भी है कि इसे बनाना बहुत आसान है। अंकुरित मूंग या चना, टमाटर, प्याज, नीबू और भुनी मूंगफली को साथ में मिक्स करें। इसमें चाट मसाला मिलाएं और मजे लेकर खाएं। स्वाद तो मिलेगा ही हेल्थ के लिए बहुत फायदेमंद भी होगा।



**स्टीम्ड वेज पनीर मोमोजः** ये शाम के नाश्ते का बढ़िया विकल्प है। तले हुए चाट पकौड़े की जगह अगर स्टीम्ड मोमोज लिए जाएं तो यह हल्के भी होंगे और शानदार भी।

**बेसन टोस्टः** बेसन टोस्ट या बेसन पैन केक भी हेल्दी नाश्ता हैं, जो सुबह के लिए भी शानदार है और शाम के लिए भी। इसमें बेसन प्रोटीन और आयरन से भरपूर होता है। साथ ही प्याज, टमाटर, हल्दी और अजवाइन की मौजूदगी, इसे स्वाद से भी भरपूर बनाती है। नॉनस्टिक तवे में कम तेल पर इसे सेंककर खाएं मजा आ जाएगा।

**फ्रूट-नट योगर्ट बाउलः** आजकल युवा इस नाश्ते को बहुत ज्यादा पसंद कर रहे हैं, क्योंकि यह इंस्टाग्राम फ्रेंडली दिखता है और हेल्दी तो होता ही है। इसे बनाने के लिए ग्रीक योगर्ट में कटे हुए फल जैसे सेब, केला, कीवी डालते हैं। कुछ ड्राई फ्रूट्स और थोड़ा शहद मिलाएं। शानदार स्वाद और हेल्दी नाश्ता रेडी हो जाएगा।

**स्टीम्ड इडली-पुदीना चटनीः** कम ऑयल और ज्यादा टेस्ट पाना है, तो साउथ इंडियन डिश खाएं, जो पेट भारी नहीं करता। चाहें तो रागी इडली या ओट्स इडली भी खा सकते हैं।

**मक्का चाटः** मक्का चाट या भुट्टा चाट भी बारिश की शामों का एक बेहद परफेक्ट नाश्ता है। उबले हुए मक्के में नीबू, मसाला और धनिया डालें और मजे से खाएं। यह पेट के लिए हल्का और शरीर के लिए पौष्टिक होता है। इसके अलावा युवा हेल्दी रहने के लिए सुबह और शाम की चाय के साथ बिस्कुट की जगह ड्राई फ्रूट्स ले सकते हैं। इसके अलावा बारिश के दिनों में इम्यूनिटी बूस्टर नाश्ते में अदरक, हल्दी, तुलसी और काली मिर्च का जरूर इस्तेमाल करें।

**टेस्टी-हेल्दी सूपः** सूप विशेषकर ईवनिंग के लिए बेस्ट ऑप्शन है। जब बारिश के रिमझिम मौसम में हल्की ठंड महसूस हो रही हो, तो गर्मा-गर्म सूप जैसे टमाटर या मिक्स वेज का या फिर मूंग की दाल का न सिर्फ बहुत स्वादिष्ट लगता है बल्कि इस मौसम में इम्यूनिटी बूस्ट करने का भी यह शानदार नाश्ता है। इसमें मल्टीग्रेन या ओट्स ब्रेड का भी शानदार विकल्प मिलता है। *



## खबर संक्षेप

### अंतरिम टेंडर लगाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित

**सोनीपत।** शहर की सफाई व्यवस्था में किसी तरह का व्यवधान न आए, इसके लिए नगर निगम ने समय रहते तैयारी शुरू कर दी है। वर्तमान में सफाई का कार्य संभाल रही एजेंसियों का टेंडर 31 अगस्त को समाप्त हो रहा है। इस स्थिति को देखते बुधवार को हुई वित्त एवं अनुबंध समिति की बैठक में चार महीने के लिए अंतरिम टेंडर लगाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। अध्यक्षता मेयर राजीव जैन ने की। बताया कि शहर को दो जोनों में बांटकर अलग-अलग एजेंसियों को सफाई का कार्य सौंपा गया है। अगस्त 2024 में टेंडर की अवधि समाप्त होने के बाद निगम ने इसे एक वर्ष के लिए बढ़ाया था।

### हिंदू कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में योग सत्र का आयोजन किया

**सोनीपत।** हिंदू कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग सोनीपत में छात्र प्रवेश कार्यक्रम के तहत एक योग सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. राजनिश कुमार आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी ने शिरकत की। योग विशेषज्ञ संगीता देवी ने छात्रों को योग के विभिन्न आसनों और प्राणायाम के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर आयुष सहायक पिंकी और आयुष सहायक पवन कुमार भी उपस्थित थे।

### सिसाना के पावर हाउस में किया पौधरोपण

**खरखौदा।** जीवन ज्योति जन कल्याण सेवा समिति थाना खुर्द और पावर हाउस के कर्मचारियों द्वारा गांव सिसाना के पावर हाउस में पौधरोपण किया गया। एक पेड़ मां के नाम अभियान के अन्तर्गत पौधरोपण किया गया और पेड़ पौधों की देखभाल का जिम्मा पावर हाउस के इंचार्ज धर्मवीर व उसके स्टाफ ने ली। समिति अध्यक्ष सतेन्द्र दहिया ने बताया कि मनुष्य को अपने जीवन में एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए, क्योंकि जब वह दुनिया से जाता है तो एक पेड़ के बराबर की लकड़ी को लेकर साथ में लेकर जाता है।

### अंगदान के महत्व को समझें व जिंदगी बचाएं

**सोनीपत।** समाज कल्याण शिक्षा समिति द्वारा विश्व अंगदान दिवस के अवसर पर गांव रायपुर के बैंकेट हॉल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मां भारती जनसेवा चैरिटेबल ट्रस्ट और वर्मा लैब का सहयोग रहा। कार्यक्रम में एसआई जगत सिंह ने कहा कि मरणोपरांत प्रत्येक व्यक्ति को अपनी आंखें दान अवश्य करनी चाहिए, ताकि हमारे जाने के बाद भी कोई अन्य हमारी आंखों से इस दुनिया को देख सके। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति की आंखें दान करने से दो दृष्टिहीनों को रोशनी मिल सकती है।

### आर्य समाज मंदिर में कवि सम्मेलन आज

**सोनीपत।** राष्ट्रीय कवि संगम की सोनीपत इकाई द्वारा स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर स्थानीय सेक्टर 14 के आर्य समाज मंदिर में कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जिलाध्यक्ष डॉ. हेमेंद्र अग्रवाल ने बताया कि कवि सम्मेलन में गुरुग्राम से डॉ. अशोक बत्रा, एमपी से दर्शन लोहार, दिल्ली से दास आरोही आदि कई कवि अपनी मंत्रमुग्ध रचनाओं से राष्ट्र को नमन करेंगे। कार्यक्रम में जगदीश मित्तल विशेष रूप से हिस्सा लेंगे।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सोनीपत में कार्यकर्ताओं के साथ अपने आवास पर फहराया राष्ट्रीय ध्वज

# तिरंगा हर भारतीय के दिल की धड़कनः बड़ौली

### हर घर तिरंगा अभियान देश को एकता के सूत्र में पिरोने और राष्ट्रप्रेम की भावना को और प्रबल करने का जन अभियान बना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कार्यकर्ताओं के साथ अपने आवास पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने तिरंगा को देश की आन-बान-शान और हर भारतीय के दिल की धड़कन बताया। उन्होंने कहा कि तिरंगा हमें आजादी के लिए दिए गए बलिदानों की याद दिलाता है और एक भारत-श्रेष्ठ भारत के निर्माण का संकल्प मजबूत करता है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुआ 'हर घर तिरंगा' अभियान आज देश को एकता के सूत्र में पिरोने और राष्ट्रप्रेम की भावना को और भी प्रबल करने का जन अभियान बन गया है। श्री बड़ौली ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव' के तत्वावधान में लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर घर तिरंगा फहराने के लिए इस अभियान को शुरू किया था। मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि हरियाणा में 377 मंडल है और हमारे सभी कार्यकर्ताओं ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रदेश भर में तिरंगा यात्राएं निकाली है और हर घर तिरंगा अभियान के तहत अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराया है। बड़ौली ने कहा कि 14 अगस्त को फरीदाबाद में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम होगा जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, हरियाणा सरकार के मंत्री, विधायक भी शामिल होंगे।



सोनीपत। तिरंगा फहराते भाजपा प्रदेशाधक्ष मोहनलाल बड़ौली। फोटो :हरिभूमि



गोहाना। समारोह की तैयारी को लेकर विचारविमर्श करते ट्रस्ट के प्रतिनिधि।

### विभाजन विभीषिका स्मृति कार्यक्रम फरीदाबाद में आज

**गोहाना।** गोहाना के मुख्य बाजार स्थित सनातन धर्म मंदिर में बुधवार को पंचनद स्मारक ट्रस्ट की बैठक आयोजित हुई। अध्यक्षता इंद्रजीत विरमानी व विजय मग्गों ने की। संयोजन प्रदीप वाधवा व निशु खुराना का रहा। संचालन युवा प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र गेरा किया। जितेंद्र गेरा ने बताया 1947 के बंटवारे में मारे गए लोगों की याद में प्रधानमंत्री द्वारा घोषित चौथा विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस भाजपा व पंचनद स्मारक ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में 14 अगस्त को फरीदाबाद में मनाया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और मुख्यमंत्री नायब सैनी होंगे। समारोह की अध्यक्षता भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली व सुभाष सुधा करेंगी। सानिध्य महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव का रहेगा। बैठक में राजेश हसीजा, जयेश आहूजा, सुरेश धवन राजेश जी, सौरव खुराना, सचिन खुराना, मुकेश दुरेजा, बंटी हंस, योगेश बजाज, संजय अरोड़ा, ओपी तनेजा सुरेश मल्होत्रा, दीपक कपूर, केएल पिपलानी, अशोक विज, रमन भाटिया, राजू चावला, कृष्ण, मुकेश दुरेजा, डॉ. प्रदीप कुमार, यशपाल खट्टर व विनोद निझवान सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक : कृष्णा

**राई।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत राई विधानसभा क्षेत्र की विधायक कृष्णा गहलावत ने बुधवार को कुण्डली मण्डल क्षेत्र में भव्य तिरंगा यात्रा का नेतृत्व किया। यात्रा सेवली गांव से प्रारंभ होकर भैरा बांकीपुर गांव तक पहुंची। यात्रा के दौरान युवा, महिलाएं एवं बच्चे तिरंगा हाथ में लेकर शामिल हुए और "भारत माता की जय" तथा "वन्दे मातरम्" के गगनभेदी नारों से वातावरण को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। तिरंगा यात्रा सेवली, पतला, अटेरना, मनौली से होती हुई भैरा बांकीपुर,पहुंच कर महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माला अर्पण कर यात्रा का समापन किया । विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि तिरंगा हमारे देश की आन, बान और शान का प्रतीक है, और यह हम सबका कर्तव्य है कि इसे सम्मान और गर्व के साथ अपने घरों और दिलों में फहराएं। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घरों पर तिरंगा अवश्य फहराएं और देशभक्ति के इस महाअभियान में भागीदार बनें। तिरंगा यात्रा के दौरान जगह-जगह ग्रामीणों ने फूल बरसाकर एवं जयघोष के साथ यात्रा का स्वागत किया।



राई। विधायक कृष्णा गहलावत तिरंगा हाथ में लेकर देशभक्ति के नारे लगाते।

**ये रहे मौजूद**

जिप चेयरपर्सन मोनिका दहिया, भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, मंडल अध्यक्ष शेखर आंतिल, कुलदीप नांगल पूर्व चेयरमैन मार्केट कमेटी, सत्यनारायण मास्टर भाजपा नेता, इंद्र चौहान मंडल अध्यक्ष, शेखर आंतिल मंडल अध्यक्ष, वेदपाल शास्त्री मंडल अध्यक्ष, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सोनिया मोर, संजय चेयरमैन ब्लॉक समिति, जेपी रेवली भाजपा नेता, प्रशांत सरपंच सेवली, पूर्व सरपंच रविंद्र सेवली, उपेन्द्र सेवली, सुरेंद्र ढाका सेवली, प्रवेश प्रजापत सेवली, भैरा बांकीपुर सरपंच जयराम शर्मा, सुनील प्रजापत, मोहित पबसरा, डॉ. गोपाल बेहरा आदि मौजूद रहे।

### देशभक्ति गीतों से श्रोताओं को किया भाव-विभोर



**गन्नौर।** भारत विकास परिषद, वीर सावरकर शाखा ने चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल, शेखपुरा में देशभक्ति गीत गायन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया। विभिन्न विद्यालयों से आए 31 प्रतिभागियों ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल संचालक अजय यादव द्वारा अतिथियों के स्वागत से हुआ। प्रतियोगिता दो वर्गों—कनिष्ठ और वरिष्ठ—में संपन्न हुई। संस्कृति माह संयोजक सुशील त्यागी और मंजू शर्मा ने कुशलतापूर्वक मंच संचालन किया,निर्णायक की भूमिका मोहन शर्मा और प्रमोद कौशिक ने निभाई। कनिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान आयुष, द्वितीय स्थान कशिश , तृतीय स्थान मान्या ने प्राप्त किया । सांत्वना पुरस्कारः श्रेया वंशिका (चाइल्ड केयर पब्लिक स्कूल), ओजस्वी ने वरिष्ठ वर्ग मे प्रथम स्थानः रिद्धि (चाइल्ड केअर इंटरनेशनल स्कूल) द्वितीय स्थानः लिपिका , तृतीय स्थानः मुस्कान ने प्राप्त किया। सांत्वना पुरस्कार पायल गवम, नैना ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में पूनम सिंघल ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। शाखा सचिव प्रीतम आहूजा ने सभी अतिथियों, निर्णायकों, स्कूल प्रबंधन और बच्चों का आभार व्यक्त किया।

### विचार गोष्ठी का आयोजन किया

**गन्नौर।** गांव गढ़ी बलिंदा में आल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन (एआईएसएफ) का 90वां स्थापना दिवस विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रीतम कश्यप ने की और संचालन नीतिश कुमार खत्री ने किया। गोष्ठी में पूर्व छात्र नेता विनोद कुमार अंतल, भूपेन्द्र खत्री, भूपेन्द्र कश्यप तथा सीपीआई के राज्य सचिव दरियाव सिंह कश्यप ने विचार रखे। वक्ताओं ने एआईएसएफ के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते बताया कि शहीद-ए-आजम भगत सिंह के विचारों से प्रेरित होकर 12-13 अगस्त 1936 को लखनऊ में आयोजित छात्रों के राष्ट्रीय सम्मेलन में संगठन की स्थापना हुई थी। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान एआईएसएफ के अनेक कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई और अपने प्राणों की आहुति दी। कार्यक्रम में हेमन्त खत्री, प्रिंस कश्यप, हैप्पी कुमार, सूर्यांश कुमार, नीरज, शुभम भौरिया, रिहान, जीनू, मनीष कुमार, इशु सहित गढ़ी बलिंदा, बेगा, पीरगढ़ी, दातौली आदि गांवों के कई छात्र उपस्थित रहे। स्थापना दिवस कार्यक्रम की शुरुआत भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर की गई। इस मौके पर नीतिश खत्री, संयोजक, आल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन, गन्नौर इलाका कमेटी ने कहा कि संगठन छात्रों की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर संघर्षरत रहेगा और शिक्षा एवं रोजगार के अधिकार की रक्षा के लिए मजबूती से आवाज उठाता रहेगा।

### अहिल्याबाई होल्कर को किया नमन

**गोहाना।** शहर में महम-बरोदा मार्ग स्थित गांधीनगर की रविदास चौपाल में बुधवार को लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 230वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। समारोह में नागरिकों ने अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन किया। समारोह के लिए मार्गदर्शन हर भगवान चोपड़ा का रहा। मुख्य वक्ता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने कहा अहिल्याबाई होल्कर अपनी न्याय प्रियता, सुशासन और परोपकार नीति के लिए प्रसिद्ध थीं। अहिल्याबाई ने मालवा क्षेत्र में 30 वर्षों तक शासन किया और अपने राज्य में शांति, समृद्धि और न्याय स्थापित किया। वे भारत की सर्वश्रेष्ठ परोपकारी शासक तथा दार्शनिक रानी थीं। दांगी ने कहा कि अहिल्याबाई ने अपने राज्य के बाहर भी कई मंदिर, घाटों और विश्राम गृहों का निर्माण करवाया। समारोह की अध्यक्षता मोर्चे की जिला कार्यकारिणी के सदस्य सतबीर पौडिया ने की। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर एक दूरदर्शी शासक थीं। उन्होंने न केवल अपने राज्य के विकास पर ध्यान दिया।



अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते नागरिक।




रैली को हरी झंडी दिखाते गन्नौर ट्रैफिक चौकी इंचार्ज उप निरीक्षक सोहन बांध।

### छात्राओं ने निकाली नशा मुक्त भारत चेतना रैली

**गन्नौर।** जीटी रोड स्थित जैन गर्ल्स पीजी कालेज में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत चेतना रैली और तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व भारत केसरी व गन्नौर ट्रैफिक चौकी इंचार्ज उप निरीक्षक सोहन बांध, कालेज प्राचार्य डा. मनोज कुमार और निदेशिका भूषण भाटिया ने हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया। उप निरीक्षक सोहन बांध ने विद्यार्थियों को नशामुक्त रहने की सामूहिक शपथ दिलवाई और कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की अहम भूमिका होती है। रैली कालेज की एनएसएस यूनिट, रोट्रेक्ट क्लब, इको क्लब और यूथ रेड क्रास इकाई द्वारा संयुक्त रूप से निकाली गई, जिसमें लगभग 650 छात्राओं और प्राध्यापकों ने भाग लिया। रैली कालेज से शुरू होकर बेगा रोड, रेलवे रोड और देवीलाल चौक होते हुए कालेज वापस पहुंची। तिरंगा यात्रा के दौरान छात्राओं ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज और नशामुक्ति संदेश वाली तख्तियां लेकर नारे लगाए।

### तिहाड़ा कलां गांव में निकाली तिरंगा यात्रा

**सोनीपत।** सोनीपत के तिहाड़ा कलां गांव में मनजीत तिहाड़ा द्वारा रक्षक सेना का नेतृत्व करते हुए ग्रामीण आंचल में राष्ट्रीयता की भावना को बढावा देने हेतु तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों, ग्रामीणों, महिला मोर्चा, रक्षक सेना के समस्त सदस्यों ने देश की रक्षा करने के लिए भारत माता की जय और अन्य देश प्रेम के नारों के साथ हुंकार भरी। गोहाना से महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रीना शर्मा भी पहुंची और तिहाडा कलां गांव से वीरगति को प्राप्त नरेश दहिया और प्रवीन दहिया सार्जेंट के बलिदानों को नमन करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। रक्षक सेना से मनजीत तिहाड़ा ने सभी आगन्तुकों का स्वागत करके ग्रामीणों के साथ मिलकर बलिदानी वीर जवानों को याद करते हुए कहा कि हमारे तिरंगे की शान के लिए सेना के जवान अपनी छाती पर गोली खा कर देश की रक्षा करते हैं। गोली और बारूद के सामने भी हमारे जवानों के द्वारा सीमा पर सीना तान कर खड़े रहने के कारण ही हम सभी अपने घरों में चैन से सो पाते हैं।



सोनीपत। तिरंगा यात्रा के दौरान मनजीत तिहाड़ा एवं अन्य।




सोनीपत। तिरंगा यात्रा में शामिल जीवीएम गर्ल्स कॉलेज की छात्राएं।

### तिरंगा यात्रा से दिया देशप्रेम का संदेश

**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्स कालेज की विभिन्न इकाइयों ने बुधवार को नगर में तिरंगा यात्रा निकालते हुए देशप्रेम का संदेश दिया। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने तिरंगा यात्रा को नमन करते हुए कहा कि राष्ट्र की एकता व अखंडता के प्रतीक के रूप में तिरंगा यात्रा का आयोजन अद्भुत है। जीवीएम की यूओपी, एनसीसी, एनएसएस और वाईआरसी इकाइयों ने संयुक्त रूप से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया, जिसमें करीब 80 छात्राओं ने देशभक्ति के जज्बे के साथ हिस्सा लिया। यूओपी इकाई का नेतृत्व मीतू मनोचा, एनसीसी का नेतृत्व ले. प्रियंका तथा एनएसएस का नेतृत्व रूचिका विरमानी और वाईआरसी का नेतृत्व डा. पूजा गुलाटी व सोनम राय कर रही थी। प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने तिरंगा यात्रा को कालेज परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिसके बाद तिरंगा यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी। इस दौरान प्राध्यापिका मीतू मनोचा व ले. प्रियंका ने कहा कि तिरंगा यात्रा जहां से भी गुजरी वहीं से लोगों ने उत्साह के साथ स्वागत किया।




सोनीपत। विरोध प्रदर्शन के दौरान पुतलों का दहन करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### किसानों ने फूंका ट्रंप का पुतला

**सोनीपत।** संयुक्त किसान मोर्चा की सोनीपत कमेटी के बैनर तले बुधवार को किसानों ने जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। किसानों का जुलूस छोटूराम धर्मशाला से निकलकर मुख्य सदर बाजार होते हुए तहसील कार्यालय के बाहर पहुंचा, जहां सभा आयोजित की गई और जोरदार नारेबाजी के बीच डोनाल्ड ट्रंप और नरेंद्र मोदी के पुतले जलाए गए। प्रदर्शनकारियों ने 'कॉरपोरेट खेती छोड़ो', 'बहुराष्ट्रीय कंपनियां भारत छोड़ो' और 'अमेरिकी कृषि, डेयरी और पोल्ट्री उत्पाद का आयात नहीं चलेगा' जैसे नारे लगाए। इस दौरान छोटूराम धर्मशाला में किसान मजदूरों की बैठक आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता कॉमरेड श्रद्धानंद सोलंकी ने की। बैठक का संचालन कॉमरेड ईश्वर सिंह राठी ने किया। उन्होंने उपस्थित किसानों-मजदूरों को संबोधित करते बताया कि संयुक्त किसान मोर्चा ने आज पूरे देश में अमेरिकी साम्राज्यवाद के प्रतीक डोनाल्ड ट्रंप और उनके मित्र, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पुतले फूंकने का कार्यक्रम आयोजित किया है।

## मेकिंग प्रतियोगिता में तेज प्रकाश प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय पिपली में यूजीसी द्वारा निर्देशित एंटी रैगिंग सप्ताह 12 से 18 अगस्त तक मनाया जा रहा है। प्राचार्या डॉ तराना नेगी के दिशा निर्देशन में कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की एंटी रैगिंग समिति प्रभारी डॉ किरण सरोहा व डॉ योगेश बाजवान द्वारा किया जा रहा है। प्रथम दिन प्राचार्या ने अपने संबोधन में नए छात्रों को रैगिंग के दुष्प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए इसके प्रति जागरूक रहने की अपील की और इस तरह की समस्या से निपटने के लिए प्रेरित किया इस दौरान छात्रों ने रैगिंग के खिलाफ शपथ ली। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा रैगिंग की शिकायतों के लिए एक कमेटी गठित की गई है, जहां छात्र अपनी समस्या के बारे में बता सकते हैं। जिससे महाविद्यालय में रैगिंग मुक्त वातावरण बनाने में सहयोग मिलेगा। दूसरे दिन पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 23 छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम में विनोद मलिक, जगबीर सिंह, डॉ कीर्ति खत्री, सुधीर आदि उपस्थित रहे। इसके अलावा धूम्रपान निषेध समिति के द्वारा नशा मुक्त जागरूक रैली, नशा मुक्त मानव श्रृंखला जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसका आयोजन धूम्रपान निषेध समिति की प्रभारी डॉ बीना रानी के द्वारा किया गया। अन्य स्टाफ के साथ साथ डॉ मनदीप और डॉ कीर्ति खत्री इस मौके पर मौजूद रही।



खरखौदा। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के प्रतिभागी विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि



खरखौदा। डोनाल्ड ट्रंप का पुतला फूंकते भाजपा कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

### भाजपाइयों ने फूंका ट्रंप का पुतला

**खरखौदा।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा लगाए गए टैरिफ चार्ज के विरोध में दिल्ली चौक पर रोष प्रदर्शन करते हुए उनका पुतला फूंका गया। खरखौदा मंडल के भाजपा अध्यक्ष नरेश पाराशर ने बताया कि अमेरिका ने भारत पर जो टैरिफ चार्ज लगाया है। उसके विरोध में डोनाल्ड ट्रंप का पुतला फूंका गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असंगत टैरिफ चार्ज पर नाराजगी जताई है। जिससे अमेरिका बौखलाया हुआ है। इसलिए भारत पर अलग-अलग स्थिति उत्पन्न करके दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है। रूस के साथ भारत के मधुर संबंध के कारण भी अमेरिका खफा है। इससे परे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में दिन-रात एक किए हुए हैं। इस मौके पर नपा चेयरमैन हीरालाल, उप चेयरमैन मुकेश सैनी, सुनील पांचाल, मोहन, वंदीप जेटली, अजय राठौर, मिथुन तिवारी, अशोक कुमार व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सांसद नवीन जिंदल ने डीसीआरयूएसटी में जिला स्तरीय कार्यक्रम में की शिरकत

# विकसित भारत के सपने को साकार करेगा प्रजापत समाज

- प्रजापत समाज को पारंपरिक व्यवसाय से जोड़कर आगे बढ़ाना सरकार की प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कुरूक्षेत्र से सांसद नवीन जिंदल ने महाराजा दक्ष प्रजापति को नमन करते कहा कि कुम्हार/प्रजापत समाज मिट्टी को आकार देने के साथ-साथ, जमीन को सवारना व मिट्टी में जान भरने का कार्य करता है। प्रजापत समाज स्वदेशी व आत्मनिर्भरता के संकल्प को जीवित रखते हुए 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने में अपने भागीदारी निभा रहा है। बुधवार को मुरथल स्थित दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि डीसीआरयूएसटी में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में कुम्हार/प्रजापत समाज को पात्रता-प्रमाण पत्र वितरण समारोह में कुरूक्षेत्र से सांसद नवीन जिंदल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि हरियाणा सरकार का एकमात्र लक्ष्य है कि हरियाणा प्रदेश का हर वर्ग तरक्की करे, सभी वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ा जाए व सभी को समान अवसर मिले। सांसद ने कहा प्रजापत समाज मेहनती लोगों का समाज है। हाथों के कौशल का इस्तेमाल कर मिट्टी को सोना बनाने का कार्य प्रजापत समाज करता है। इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सैनी ने विडियों कांफ्रेंस के माध्यम से कुरूक्षेत्र में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से सभी जिलों में उपस्थित प्रजापत समाज के लोगों को संबोधित किया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि पूरे हरियाण प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दिशा-निर्देश से कुम्हार/प्रजापत समाज को पंचायती जमीन में मिट्टी के बर्तन बनाने व पकाने के लिए पात्रता-प्रमाण पत्र देने का कार्य हरियाणा सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि प्रजापत समाज परंपरागत तरीके से मिट्टी के बर्तन बनाने का कार्य कर आत्मनिर्भर भारत, आत्मनिर्भर हरियाणा में अपना सहयोग निभाता है। उन्होंने कहा कि प्रजापत समाज को अपने मूल व्यवसाय से जोड़ना हरियाणा सरकार की प्राथमिकता रही है। नगर निगम के मेयर राजीव जैन, जिप चैयरपर्सन मोनिका दहिया, सोनीपत भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक भारद्वाज, वरिष्ठ भाजपा नेता तरूण , नीरज आदि मौजूद रहे।




लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित करते सांसद साथ में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व अन्य।

### वितरित किए 4208 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र

डीसीआरयूएसटी मुरथल में आयोजित जिला स्तरीय कुम्हार/प्रजापत समाज के लाभार्थियों को पात्रता-प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में जिले में 4208 लाभार्थियों को पात्रता-प्रमाण पत्र दिए गए। जिसमे गन्नौर ब्लॉक की 36 ग्राम पंचायतों से 964 लाभार्थी, गोहाना ब्लॉक की 12 ग्राम पंचायतों से 305 लाभार्थी, राई ब्लॉक की 17 ग्राम पंचायतों से 538 लाभार्थि, मुरथल ब्लॉक की 4 पंचायतों से 205 लाभार्थी, कथूरा ब्लॉक की 10 ग्राम पंचायतों से 529 लाभार्थी, मुड़लाना ब्लॉक की 17 ग्राम पंचायतों से 541 लाभार्थी, खरखौदा ब्लॉक की 10 ग्राम पंचायतो से 198 लाभार्थी व सोनीपत ब्लॉक की 36 ग्राम पंचायतों से 928 लाभार्थियों को पात्रता-प्रमाण पत्र सांसद नवीन जिंदल के द्वारा वितरत किए गए।



सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का स्वागत करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### संस्कारित युवा राष्ट्र की अमूल्य धरोहर

**सोनीपत।** केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में बुधवार को विजय हाई स्कूल सिक्का कालोनी में युवा संस्कार समारोह आयोजित किया गया। यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य महेन्द्र भाई ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन-बुद्धि-चित का वास होता है। हम सत्य सोचें, सत्य कहें और सत्य ही जीवन में आचरण करें तो हम ईश्वर के निकट आते हैं। संस्कारों का जीवन में बहुत महत्वपूर्ण स्थान है जो हमें माता-पिता, गुरूजनों व सत्संगति से प्राप्त होते हैं। शिक्षा हमें अच्छा डाक्टर, इन्जीनियर, नेता, वकील, जज आदि तो बना सकती है परन्तु एक आदर्श इन्सान नहीं बना सकती है। महात्मा वेदमुनि ने यज्ञोपवीत की अनिवार्यता, उपयोगिता व महत्व पर प्रकाश डाला। माता-पिता, गुरूजनों का सम्मान, सेवा-सुश्रुषा, प्राप्त ज्ञान का प्रचार व प्रसार करना एवं पर्यावरण की शुद्धि तथा प्रदूषण न करना और न करने देना यज्ञोपवीत के तीनसूत्रों का सन्देश है। हरिचन्द स्नेही ने मंच का कुशल संचालन किया। स्वास्थ्य अधिकारी श्याम लाल ने मलेरिया व डेंगू महामारी से बचाव के अनेक उपायों से हमें अवगत कराया। हरबंस लाल अरोड़ा व सन्दीप बत्रा ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। स्कूल प्रबन्धक जितेन्द्र चावला व शालिनी चावला ने सभी अतिथियों व अभिभावकों का धन्यवाद किया।

## खबर संक्षेप



### सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के सम्मान में गोष्ठी

**सोनीपत।** पुलिस लाइन स्थित कम्युनिटी सेंटर में बुधवार को सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के सम्मान व संवाद के लिए विशेष गोष्ठी आयोजित की गई। जिले भर से करीब 400 पूर्व पुलिसकर्मियों ने इसमें शिरकत की। कार्यक्रम का संचालन सेवानिवृत्त निरीक्षक जयपाल खोखर ने किया। सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ की ओर से प्रमुख मांगें रखी गईं, जिनमें कैशलेस मेडिकल सुविधा और संघ कार्यालय के लिए स्थान उपलब्ध कराने की मांग शामिल रही। पुलिस आयुक्त ममता सिंह ने समस्याएं व सुझाव सुनकर भरोसा दिलाया कि सभी बिंदुओं पर गंभीरता से विचार कर समाधान के लिए प्रयास किए जाएंगे।

### पशुधन पर हमला कर घायल करने का आरोप

**सोनीपत।** मोहना थाना क्षेत्र के गांव पंचायत द्वारा छोड़े पशुधन पर तेजधार हथियार से हमलाव कर घायल करने के आरोप का मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत व ग्रामीणों ने मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने इस संबंध में दो आरोपितो के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव बादशाहपुर माच्छरी के सरपंच राजबीर व अन्य ग्रामीणों ने मोहाना थाने में शिकायत देकर बताया कि पंचायत की तरफ से पशुधन (झोटा) छोड़ा हुआ है। गांव के दो युवक कालू व वसीम ने झोटे पर तेजधार हथियारों से हमला कर घायल कर दिया।

### वाहन चोरी की वारदात में शामिल दो गिरफ्तार

**सोनीपत।** कुंडली थाना सोनीपत पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी करने की वारदात में शामिल दो आरोपितो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित तानिश पाल निवासी मेरठ यूपी, सोमनाथ निवासी लाढौत रोहतक हाल में गांव रसोई का है। पुलिस ने आरोपितो को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। ब्रिजेश ने पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसने अपने फ्लैट के नीचे पार्किंग में बाइक को खड़ी कर दिया। दो दिन बाद जब वह फ्लैट पर लौटा तो उसकी बाइक गायब मिली।

### मेरिट के आधार पर होंगे आईटीआई में दाखिले

**खरखौदा।** राजकीय औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान खरखौदा के प्रधानाचार्य संदीप कुमार अहलावत ने बताया कि आईटीआई में दाखिलों के लिए चतुर्थ राउंड की काउंसलिंग के लिए 11 अगस्त से प्रवेश पोर्टल को पुनः खोल दिया गया है। जिसमें नए अभ्यर्थी आईटीआई में दाखिले के लिए 11 अगस्त से पोर्टल पर जाकर आवेदन कर सकते है। उन्होंने बताया कि सभी रिक्त दाखिला सीटों की जानकारी 11 अगस्त से सभी अभ्यर्थी पोर्टल पर देख सकते हैं। 11 अगस्त से 22 अगस्त तक नए दाखिलों के लिए सभी अभ्यर्थी पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। 12 अगस्त से 22 अगस्त तक दाखिला प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 12 अगस्त से 14 अगस्त व 18 अगस्त से 22 अगस्त तक मेरिट के आधार पर दाखिले होंगे व 12 से 22 अगस्त तक अभ्यर्थी फीस जमा करवा सकते है।

## जिला स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में छाया ग्लोबल स्कूल का खिलाड़ी

# कार्तिक ने 88 किलोग्राम भार उठाकर जीता स्वर्ण पदक

*प्रतियोगिता में सोनीपत के विभिन्न राजकीय व गैर राजकीय विद्यालयों के सैकड़ों खिलाड़ियों की प्रतिभागिता*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

खानपुर कलां गांव स्थित ग्लोबल पब्लिक स्कूल के खिलाड़ी कार्तिक ने 88 किलोग्राम भार उठाकर जिला स्तरीय भारोतोलन प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। बुधवार को स्कूल ने अपने पदक विजेता खिलाड़ी को समारोहपूर्वक सम्मानित किया। समारोह की अध्यक्षता स्कूल के एमडी पंकज जाले ने की और संयोजन प्राचार्य प्रीति शर्मा का रहा। खिलाड़ी कार्तिक ने जिला स्तरीय भारोतोलन प्रतियोगिता के अंडर-19 आयु से कम आयु वर्ग में प्रतिभागिता की। प्रतियोगिता में जिला सोनीपत क्षेत्र के विभिन्न राजकीय व गैर राजकीय विद्यालयों के सैकड़ों खिलाड़ियों प्रतिभागिता की। स्कूल के एमडी पंकज जाले ने कहा कि कार्तिक ने इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल करके पूरे जिले में अपने स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल के दूसरे खिलाड़ी कार्तिक से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ें।



गोहाना। स्वर्ण पदक विजेता कार्तिक अपने गुरुजनों के साथ।



गन्नौर। विद्यालय की प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने सभी चयनित खिलाड़ियों के साथ ।

### एशियन बॉक्सिंग में मयूर ने जीता कांस्य पदक

**गोहाना।** बैंकाक में हुई अंडर-22 एशियन बाक्सिंग चैंपियनशिप में गांव गढ़ी उजाले खां के युवा खिलाड़ी मयूर सैनी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता। मयूर व उसके मेरठ के साथी रोकी चौधरी और कोच विकास मलिक को बुधवार को गांव में सम्मानित किया गया। राज्यसभा सदस्य रामचंद्र जांगड़ा, नगर परिषद गोहाना की अध्यक्ष रजनी विरमानी और पंजाबी महासभा गोहाना के अध्यक्ष इंद्रजीत उर्फ राजू विरमानी ने तीनों को सम्मानित किया। मयूर सैनी ने बैंकाक में हुई चैंपियनशिप में 90 किलोग्राम भारवर्ग में भाग लिया और कांस्य पदक जीता। उसके मेरठ के साथी रोकी चौधरी 85 किलोग्राम भारवर्ग में कांस्य पदक जीता। दोनों बाक्सिंग अकादमी गोहाना में कोच विकास मलिक के पास अभ्यास करते हैं। तीनों बुधवार को गोहाना पहुंचे। गांव गढ़ी उजाले खां के ग्रामीण सोनीपत रोड स्थित बाईपास के पास ट्रैक्टर लेकर पहुंचे। दोनों खिलाड़ियों व उनके कोच को सम्मान के साथ गांव के मंदिर में लाया गया। वहां पर तीनों को सम्मानित किया गया। राज्यसभा सदस्य जांगड़ा और नगर परिषद की अध्यक्ष विरमानी ने कहा कि मयूर ने गोहाना के साथ देश का नाम रोशन किया है। इस मौके पर सरपंच रविंद्र, देवेंद्र सैनी व मोहन सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### 44 खिलाड़ी खंड स्तरीय खेलों में चयनित

**गन्नौर।** रौनक पब्लिक स्कूल गन्नौर के 44 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न खेलों में जिला एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए स्थान बनाया। बॉक्सिंग में अंडर-17 गर्ल्स वर्ग की 5 खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक जीतकर जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रवेश किया। ताइक्वांडो में भी अंडर-17 गर्ल्स और बॉयज वर्ग के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिसमें 4 खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक हासिल कर जिला स्तरीय मुकाबलों में जगह बनाई। कबड्डी में अंडर-14 वर्ग के 2 और अंडर-17 वर्ग के 1 खिलाड़ी जिला स्तर पर चयनित हुए। क्रिकेट में विद्यालय के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया—अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 बॉयज वर्ग में 7 खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चुने गए, जबकि अंडर-17 गर्ल्स वर्ग की 1 खिलाड़ी जिला स्तरीय टीम में चयनित हुई। योग प्रतियोगिता में अंडर-14 वर्ग के 1 खिलाड़ी और अंडर-14 गर्ल्स वर्ग की 2 खिलाड़ियों ने जिला स्तरीय खेलों के लिए क्वालीफाई किया। खो-खो में अंडर-17 गर्ल्स वर्ग की 8 खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक जीतकर जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रवेश पाया, जबकि अंडर-14 बॉयज वर्ग के 4 खिलाड़ी जिला स्तर पर चयनित हुए।



गोहाना। पदक विजेता सूर्या को सम्मानित करके अपना आशीर्वाद देते हुए उसके गुरुजन। फोटो : हरिभूमि

### कुश्ती में खिलाड़ी सूर्या के दांव प्रतिद्वंद्वियों पर पड़े भारी

**गोहाना।** जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में गांव गढ़ी सराय नामदार खां स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थी सूर्या पुत्र विजयपाल के दांव अपने सब प्रतिद्वंद्वियों पर भारी पड़े। सूर्या ने इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करके स्वर्ण पदक हासिल किया। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन राज्यस्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए कर लिया गया। जिला सोनीपत के गांव लड़सौली में अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग के लड़के और लड़कियों की जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में सूर्या ने अंडर-14 आयु वर्ग में 38 किलोग्राम भारवर्ग में अपने सब प्रतिद्वंद्वियों को पराजित करके पूरे जिले में प्रथम स्थान हासिल किया। इस आधार पर सूर्या का चयन अगले महीने झज्जर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए कर लिया गया। बुधवार को सूर्या का उसके विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित हुआ जिसमें मुख्य अध्यापक रविंद्र मलिक, डीपीई लक्ष्मण, कपिल शर्मा, सुनील लाठर, सतपाल, राजबीर मलिक और सतीश ने खिलाड़ी को अपना आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



गोहाना। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित प्रशिक्षक व प्रशिक्षु शिक्षक।

### सफलता के लिए कौशल विकास जरूरी

**गोहाना।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड पंचकूला के तत्वावधान में गोहाना-पानीपत मार्ग स्थित दून पब्लिक स्कूल में आयोजित दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम बुधवार को सम्पन्न हो गया। यह प्रशिक्षण उन्नत जीवन कौशल विषय पर आधारित रहा जिसमें शिक्षकों को विद्यार्थियों में रचनात्मकता व जीवन कौशल विकसित करने का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में संसाधन व्यक्ति के रूप में केवीएम पब्लिक स्कूल रोहतक की प्राचार्या डॉ. मीना व हिंदू विद्यापीठ सोनीपत से प्राचार्य नरेंद्र ने सहभागिता की। मार्गदर्शन दून पब्लिक स्कूल के प्रबंधक राजेश कुमार का रहा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी को जीवन में सफल बनाने के लिए उसमें रचनात्मकता और कौशल विकास आवश्यक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता ज्योति छाबड़ा ने की। उनके अनुसार जीवन कौशल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अनिवार्य हैं। इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों के लिए प्रेरणास्रोत सिद्ध होते हैं। कार्यक्रम में 60 से अधिक शिक्षकों ने भाग लिया।



गन्नौर। अधिवक्ता अंकित त्यागी को को-ऑप्टेड सदस्य नियुक्त होने पर स्वागत करते हुए अधिवक्ता ।

### बार काउंसिल ऑफ पंजाब व हरियाणा ने अधिवक्ता अंकित त्यागी को को-ऑप्टेड सदस्य नियुक्त किया

**गन्नौर ।** बार काउंसिल ऑफ पंजाब व हरियाणा, चंडीगढ़ ने अधिवक्ता अंकित त्यागी को को-ऑप्टेड सदस्य के रूप में नियुक्त किया है। इस अवसर पर काउंसिल के सदस्य चेतन वर्मा, गन्नौर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गौरव त्यागी, सचिव विवेक त्यागी, कोषाध्यक्ष नवीन रांगा ने उन्हें बधाई दी। सभी ने यह उम्मीद जताई कि एडवोकेट अंकित त्यागी अपने कार्यकाल में वकीलों के कल्याण और उनके हितों की रक्षा के लिए समर्पित रूप से कार्य करेंगे। अंकित त्यागी की नियुक्ति से बार एसोसिएशन और अधिवक्ताओं के बीच आपसी सहयोग और मजबूती बढ़ेगी। गन्नौर बार एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारी और सदस्य अधिवक्ता संदीप राठौर, श्वेतन शर्मा और विशाल चौहान ने भी अंकित त्यागी को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि उनका योगदान अधिवक्ता समाज के विकास और संगठन की मजबूती में अहम रहेगा। बार काउंसिल के अनुसार, को-ऑप्टेड सदस्य का दायित्व न केवल वकीलों की समस्याओं को संबंधित मंचों पर उठाना है, बल्कि उनके समाधान के लिए ठोस प्रयास करना भी है। अंकित त्यागी ने भी भरोसा दिलाया कि वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से वकीलों की सेवा करेंगे और उनके अधिकारों की रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे।

## वार्ड 1 में 50 लाख रुपये की लागत से विकास कार्यों का शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

शहर के वार्ड 1 में 50 लाख रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का बुधवार को शिलान्यास नगरपालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी ने किया। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद सचिन कोच, पार्षद शमशेर सैनी, पार्षद नरेश वर्मा, पार्षद प्रतिनिधि हरविंदर त्यागी, पार्षद अंकित त्यागी, पार्षद प्रतिनिधि गौरव जैन, पार्षद राजेश शर्मा, पार्षद अजय सरोहा, मनोनीत पार्षद सुभाष सरोहा, मनोनीत पार्षद मनिंदर सिंह सन्नी भी मौजूद रहे। शिलान्यास के दौरान नपाध्यक्ष अरुण त्यागी ने कहा कि किसी भी वार्ड के विकास कार्यों में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी और सभी विकास कार्य समय पर पूरे किए जाएंगे। उन्होंने वार्ड 1 में ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य की गुणवत्ता से समझौता किए बिना जल्द से जल्द काम पूरा किया जाए, ताकि वार्डवासियों को सुविधाएं समय पर मिल सकें। स्थानीय लोगों ने विकास कार्य शुरू करवाने पर नपाध्यक्ष अरुण त्यागी व पार्षद सचिन कोच का आभार भी जताया।



गन्नौर। वार्ड 1 में विकास कार्यों का शिलान्यास करते नपाध्यक्ष अरुण त्यागी।

## भारतीय ज्ञान प्रणाली के वैश्विक महत्व पर रखे विचार

- टीका राम शिक्षा महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का सफल आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

टीका राम शिक्षा महाविद्यालय द्वारा वैश्विक शिक्षा जगत में भारतीय ज्ञान प्रणालीः अवधारणा, वर्तमान रुझान और भविष्य की संभावनाएं विषय पर, उच्चतर शिक्षा निदेशालय द्वारा अनुमोदित बहु-विषयक अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन ऑनलाइन मोड में किया गया। इस आयोजन में देश के अधिकांश राज्यों तथा 9 अन्य देशों के 178 शिक्षाविदों, शोधार्थी एवं छात्रों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के तौर पर टीका राम एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह दहिया ने किया। उन्होंने भारतीय ज्ञान प्रणाली के वैश्विक महत्व पर अपने विचार रखे। दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मुरथल के रजिस्ट्रार प्रोफेसर (डॉ.) अजय कुमार गर्ग ने मुख्य वक्ता के रूप में प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए भारतीय शिक्षा परंपरा की प्रासंगिकता पर विस्तार से चर्चा की। अमेरिका के टेक्सास स्थित एएंडएम यूनिवर्सिटी की डॉ. प्रतिमा ने भी अतिथि वक्ता के रूप में अपने विचार सांझा किए।




सोनीपत। संगोष्ठी के मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य साथ में अन्य।

### *विद्यार्थियों ने अपने शोधपत्र प्रस्तुत किए*

*कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र सिंह राणा ने संगोष्ठी के विषय एवं उप-विषयों की महत्ता पर प्रकाश डाला। विभिन्न तकनीकी सत्रों की अध्यक्षता प्रो. विजयकुमार, डॉ. हेमंत लता शर्मा, डॉ. इंदिरा दुल, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. इंदु राठी तथा एसोसिएट प्रोफेसर डॉ बलबीर सिंह ने तकनीकी सत्रों की अध्यक्षता की। शिक्षा संकाय में ऑस्ट्रेलिया के अह्न न्युएंग ने प्रथम शोधपत्र प्रस्तुत किया। इन सत्रों में देश-विदेश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के एसोसिएट प्रोफेसर, सहायक प्रोफेसर, शोध विद्वान, बीएड एवं एमएड के विद्यार्थियों ने अपने शोधपत्र प्रस्तुत किए। संगोष्ठी का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ।*

## जियो फेंसिंग हाजिरी व्यवस्था के विरोध में स्वास्थ्य विभाग का आंदोलन तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी लोकेशन आधारित जियो फेंसिंग हाजिरी व्यवस्था को हटाने की मांग को लेकर आंदोलन तेज कर रहे है। जिला संयोजक डा. नितिन फलस्वाल ने बताया कि सरकार द्वारा एक निजी ऐप से जबरन यह व्यवस्था थोपना न केवल निंदनीय है, बल्कि सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणियों के अनुसार व्यक्तिगत निजता का उल्लंघन भी है। कोरोना महामारी के समय जिन कर्मचारियों को कोरोना योद्धा कहकर सम्मानित किया गया, आज उन्हीं की कर्तव्यपरायणता पर सवाल उठाए जा रहे हैं। 8 जुलाई को राज्य स्तरीय तालमेल कमेटी ने स्वास्थ्य मंत्री, महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं और मिशन निदेशक से मुलाकात कर इस व्यवस्था को रोकने की अपील की थी, परंतु वादाखिलाफी के चलते आंदोलन की राह अपनानी पड़ी। बैठक में निर्णय लिया गया है कि 22 अगस्त तक प्रदेश के सभी 90 विधायकों को ज्ञापन सौंपे जाएंगे और 28 अगस्त को प्रदेशभर के सभी सिविल सर्जन कार्यालयों पर 24 घंटे की भूख हड़ताल होगी।

**कर्मचारियों ने दिया धरना, जताया रोष**

## 14 व 15 अगस्त की हड़ताल ली वापस

- कार्यकारी अभियंता से मिली समाधान का आश्वासन

**सोनीपत।** हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच के बैनर तले कौशल रोजगार निगम और हुड्डा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन के कर्मचारियों ने बुधवार को एचएसवीपी कार्यालय सेक्टर-15 में सुबह से धरना और रोष प्रदर्शन शुरू किया। प्रदर्शनकारियों ने हरियाणा सरकार, एचएसवीपी अधिकारियों, कौशल रोजगार निगम और एचआरडी अधिकारियों के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। आंदोलन का नेतृत्व महावीर नागर ने किया, जबकि संचालन टीनू मदान और समेश कुमार ने संभाला। मंच के प्रदेश महासचिव और हुड्डा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष आरके नागर ने बताया कि दोपहर 2 बजे एचएसवीपी सोनीपत के कार्यकारी अभियंता पवन कुमार ने यूनियन शिष्ट मंडल को वार्ता के लिए बुलाया। बैठक में सभी मांगों को तुरंत प्रभाव से पूरा करने का लिखित गारंटी पत्र जारी किया गया। इसके अलावा, एचएसवीपी पंचकूला के मुख्य अभियंता आदित्य शर्मा द्वारा भी यूनियन के नाम पत्र जारी कर मांगों के समाधान का आश्वासन दिया गया। इस लिखित आश्वासन के बाद यूनियन ने सर्वसम्मति से धरना समाप्त करने और 14 व 15 अगस्त को प्रस्तावित पंचकूला और सोनीपत की हड़ताल वापस लेने की घोषणा की। वार्ता में यूनियन प्रतिनिधियों के साथ पवन कुमार, एसडीओ विजय कुमार दहिया और डिप्टी सुपरिंटेंडेंट मौजूद रहे।



सोनीपत। एचएसवीपी कार्यकारी अभियंता से वार्ता के लिए पहुंचें यूनियन का शिष्टमंडल।

### बी2बी मार्केट लिंकेज फोरम-2025 का आयोजन

**राई।** पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने एलएंडटी-सूफिन के सहयोग से "सोनीपत बी2बी मार्केट लिंकेज फोरम-2025" का आयोजन एथनिक इंडिया टूरिस्ट कॉम्प्लेक्स में किया। कार्यक्रम राई इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, कुंडली इंडस्ट्रीज एसोसिएशन और स्मॉल स्केल इंडस्ट्रियल मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के सहयोग से किया। कार्यक्रम में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को बदलते बी2बी ई-कॉमर्स परिदृश्य से अवगत कराने व डिजिटल तकनीक के उपयोग उनके व्यवसाय के विस्तार के प्रति जागरूक किया। राई इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश छाबड़ा ने उद्यमियों से ई-कॉमर्स और बी2बी पोर्टल्स का लाभ उठाकर प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ने की अपील की। एलएंडटी-सूफिन की रीजनल लीड नॉर्थ सौम्या पाठक ने अपने विस्तृत प्रेजेंटेशन में प्लेटफॉर्म की विशेषताओं, वित्तीय समाधानों और नए बाजारों तक पहुंचने के अवसरों पर प्रकाश डाला।




राई। राई इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश छाबड़ा उद्यमियों को कार्यक्रम में संबोधित करते हुए ।

## वेतन न बढ़ाने पर ग्रामीण सफाई कर्मचारियों का फूटा गुस्सा

- कर्मचारियों ने जवाहरलाल नेहरू पार्क गोहाना में बैठक करके रोष जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

बुधवार को ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन की मुंडलाना खंड इकाई की बैठक जवाहरलाल नेहरू पार्क में हुई। यूनियन के नेताओं और कर्मियों ने घोषणा के बावजूद सरकार द्वारा वेतन न बढ़ाने पर रोष व्यक्त किया। बैठक की अध्यक्षता इकाई के अध्यक्ष सतबीर ने की और संचालन सचिव आजाद ने किया। यूनियन के जिला संयोजक राजेश रसोई ने कहा कि नौ माह पहले सरकार ने घोषणा की थी कि बढ़ती महंगाई के अनुसार सफाई कर्मियों के वेतन में बढ़ोतरी की जाएगी। अब तक सरकार ने इसकी अधिसूचना जारी नहीं की। ग्रामीण सफाई कर्मियों को 13 हजार रुपये मासिक वेतन दिया जाता हे, जिसमें ठीक से घर का गुजारा नहीं चलता है। कर्मियों ने कहा कि वोट लेने के लिए पैर धोने का नाटक किया जाता है। सफाई कर्मियों को गुजरे लायक वेतन, काम के औजार, सुरक्षा उपकरण नहीं दिए जा रहे हैं। कर्नाटक की तर्ज पर हरियाणा में भी ग्रामीण सफाई कर्मियों को पक्का किया जाए और कम से कम 26 हजार रुपये वेतन दिया जाए।

**कार्यक्रम** ओरिएंटेशन कार्यक्रम के अंतर्गत रूसी भाषा एवं संस्कृति संवादः 2025 का आयोजन

# महिला विवि में पहुंचा तीन सदस्यीय रूसी प्रतिनिधिमंडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के विदेशी भाषा विभाग ने ओरिएंटेशन कार्यक्रम के अंतर्गत रूसी भाषा एवं संस्कृति संवादः 2025 का आयोजन किया। इसमें मास्को स्थित एएस पुश्किन स्टेट रशियन लैंग्वेज इंस्टीट्यूट से तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल पहुंचा। इसमें डिप्टी हेड प्रोजेक्ट आफिस एवगेनी प्लाखोतिन, पालिना डोरोझ्किना और वलेरिया आर्तेमयेवा (विश्व में रूसी भाषा की राजदूत) ने भाग लिया। शुभारंभ सत्र की अध्यक्षता प्रो. इप्शिता बंसल ने की।



गोहाना। रूसी प्रतिनिधिमंडल को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए विदेशी भाषा विभाग एक विभागाध्यक्ष व अन्य।

### विकास में भाषा की भूमिका पर दी प्रस्तुति

रूसी प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश से भेंट की। कुलपति ने कहा कि रूसी भाषा एवं संस्कृति संवाद का उद्देश्य भारत और रूस के बीच शैक्षिक व सांस्कृतिक सेतु को मजबूत करना है। इस संवाद में प्रतिभागियों को रूसी भाषा की विशेषताओं, उच्चारण, अभिवादन के तरीके, रूस के साहित्य, संगीत, नृत्य, भोजन और परंपराओं से परिचित कराया। उन्होंने कहा कि यह संवाद न केवल भाषा सीखने का अवसर देगा बल्कि पारस्परिक समझ और मित्रता को भी गहरा करेगा। विभागाध्यक्ष प्रो. मैथाचन केजे ने अतिथियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर रेजिना ग्लोसा प्रतियोगिता से हुई, जिसमें आठ प्रतिभागियों ने सामाजिक-सांस्कृतिक विकास में भाषा की भूमिका पर प्रस्तुति दी। हिमांशी ने प्रथम, मानसी से द्वितीय व मेघा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।